11

सहायक कार्यक्रम

सहायक कार्यक्रम

11.1 सूचना और जनजागरुकता कार्यक्रम

11.1.1 भारत अक्षय ऊर्जा क्षमता के मामले में विश्व के पांच शीर्ष देशों में शामिल है। मंत्रालय ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विभिन्न नीतियां और कार्यक्रम कार्यान्वित किए है। सौर एवं पवन विद्युत के विक्रय के लिए इंटर–स्टेट पारेषण शुल्कों को समाप्त करना; अक्षय ऊर्जा खरीद बाध्यता ट्रैजेक्ट्री; सौर एवं पवन विद्युत की खरीद के लिए प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया संबंधी दिशानिर्देश; विद्युत उत्पादन और ताप विद्युत केन्द्रों की शिड्यूलिंग में अनुकूलता; सौर कुकर कार्यक्रम; सौर–पवन हाइब्रिड नीतिय सुनिश्चित टेक–ऑफ से जुड़ा सौर पीवी विनिर्माण; अटल ज्योति योजना, सौर पीवी प्रणालियों की संस्थापना के लिए मानक कुछ प्रमुख पहलें हैं। आम लोगों को इन सभी पहलों का लाभ और अक्षय ऊर्जा का उपयोग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सूचना प्रसार और प्रचार आवश्यक है। इस पृष्ठभूमि में अक्षय ऊर्जा के लिए सूचना और जनजागरुकता कार्यक्रमों की संकल्पना तैयार की गई है और इन्हें कार्यान्वयन हेतु विकसित किया गया है।

11.1.2 यह कार्यक्रम मौजूदा सरकारी माध्यमों नामतः (i) विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय (डीएवीपी) (ii) राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) (iii) दूरदर्शन (iv) आकाशवाणी (एआईआर) (v) गायन और नाट्य प्रभाग (vi) अक्षय ऊर्जा के लिए राज्य नोडल विभाग/एजेंसियों और (vii) गैर सरकारी संगठनों/शैक्षिक संस्थान आदि उपयोग तथा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय महत्व की प्रदर्शनियों में भाग लेकर और अन्य संबंधित संस्थानों/संगठनों के माध्यम से भी कार्यान्वित किया जाता है। यह कार्यक्रम अपने तीन संस्थानों अर्थात् नाइस, नीवे और एसएसएस–नीबे तथा दो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों अर्थात् इरेडा और सेकी के माध्यम से भी सूचना और जागरुकता का प्रसार कर रहा है।

11.1.3 वर्ष के दौरान अक्षय ऊर्जा के लिए मीडिया रणनीति के समग्र ढांचे के अंतर्गत निम्नलिखित सूचना एवं जनजागरुकता कार्यकलापों का विकास और कार्यान्वयन किया गयाः–

i. नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), बॉम्बे के सहयोग से 2 अक्टूबर, 2019 को इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर मेन एरिना, नई दिल्ली में ग्लोबल सोलर एंबेसडर कार्यशाला का आयोजन

श्री राजकुमार सिंह, विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री द्वारा 02 अक्तूबर, 2019 की इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित ग्लोबल स्टूडेंट सोलर एसेंबली, जहाँ छात्रों ने अपने स्वयं के सोलर स्टडी लैम्प को असेंबल कर उनको एक साथ जलाने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, को संबोधित करते हुए

किया गया, जिसमें 10000 विद्यार्थियों को अपने स्वयं के सोलर स्टडी लैंप का असेंबल करने का प्रशिक्षण देकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण के प्रति अहिंसा दर्शाने एवं अक्षय ऊर्जा को अपनाने का संकल्प लिया। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और आउटडोर मीडिया के माध्यम से व्यापक स्तक पर प्रचार–प्रसार किया गया।

ii. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की दिनांक 30 और 31 अक्टूबर, 2019 को नई दिल्ली में आयोजित दूसरी सभा का इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रचार–प्रसार किया गया।

iii. मंत्रालय द्वारा देश भर में अक्षय ऊर्जा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक लघु वीडियो फिल्म प्रतियोगिता रखी गई।

iv. मंत्रालय का द्विमासिक न्यूज लेटर "अक्षय ऊर्जा" का अंग्रेजी और हिन्दी में प्रकाशन जारी रहा।

v. अक्षय ऊर्जा पर विभिन्न कार्यक्रमों/प्रदर्शनियों के लिए विभिन्न संगठनों को लोगो सहायता प्रदान की गई।

vi. मंत्रालय के तीन संस्थानों और दो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के माध्यम से सोशल मीडिया पर कार्यक्रमों, योजनाओं और उपलब्धियों को नियमित रूप से पोस्ट किया जाता है।

11.2 योजना और समन्वय

(i) योजना और समन्वय प्रभाग मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों, संचालित की जा रही विभिन्न नीतिगत एवं राजकोषीय सुधारों आदि से संबंधित मामलों के लिए समग्र आयोजना और समन्वयन हेतु उत्तरदायी है। इसका कार्य मंत्रालय के विभिन्न कार्यक्रम प्रभागों और अन्य संबंधित मंत्रालयों/विभागों जैसे– प्रधानमंत्री कार्यालय/नीति आयोग/विदेश मंत्रालय/मंत्रिमंडल सचिवालय, पीआईबी आदि तथा राज्य सरकार की एजेंसियों जैसे राज्य नोडल एजेंसियों आदि के साथ नियमित आधार पर निकट संपर्क बनाए रखना है।

(ii) प्रभाग द्वारा वर्ष 2019–20 के दौरान संचालित किए गए कार्यक्रलापों में मुख्य रूप से ग्रिड एवं ऑफ ग्रिड अक्षय विद्युत के क्षेत्र में प्राप्त की गई उपलब्धियों के लिए डेटाबेस का संकलन और नियमित रूप से अद्यतनीकरण, मंत्रालय की अनुदान मांगों से संबंधित ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति के लिए रिपोर्टें तैयार करना और जांच हेतु चयनित अन्य विशिष्ट विषय, प्रमुख उपलब्धियों/पहलों की मासिक रिपोर्ट, की गई कार्रवाई संबंधी टिप्पणियाँ और प्रधानमंत्री कार्यालय/मंत्रिमंडल सचिवालय/पीआईबी आदि के लिए मासिक अर्ध–शासकीय पत्र, विभिन्न बैठकों के लिए बहुक्षेत्रीय इनपुट/सार संक्षेप, महामहिम राष्ट्रपति/माननीय प्रधानमंत्री/माननीय वित्त मंत्री/माननीय मंत्री/सचिव के भाषणों के लिए इनपुट, वीआईपी, अन्य संदर्भों/प्रश्नावलियों/संसद प्रश्नों के उत्तर तैयार करना, विभिन्न पोर्टलों जैसे– पीएमजी, ई–समीक्षा, प्रगति आदि को अद्यतन बनाना, अन्य मंत्रालयों/विभागों से प्राप्त विभिन्न प्रारूप मंत्रिमंडल टिप्पणियों, ईएफसी/एफएससी आदि पर टिप्पणियों का समयबद्ध संकलन करना, बजट के लिए आउटपुट–आउटकम फ्रेमवर्क तैयार करना आदि शामिल हैं।

11.3 मानव संसाधन विकास

(i) एमएनआरई की मानव संसाधन विकास योजना में छात्रों/अध्येताओं को अध्येतावृत्तियाँ उपलब्ध कराकर अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास/शैक्षिक संस्थानों में उच्चतर अध्ययन/अनुसंधान पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने सहित सभी स्तरों पर मानवशक्ति के लिए प्रशिक्षण को सहायता प्रदान की जाती है। अनुसंधान एवं विकास/शैक्षिक संस्थानों को नवीन और अक्षय ऊर्जा में उच्चतर डिग्री पाठ्यक्रमों जैसे– एमएससी, एम–टेक और पीएचडी संचालित करने के लिए अपने पुस्तकालयों और प्रयोगशालाओं के स्तरोन्नयन के लिए भी सहायता प्रदान की जाती है। मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत वर्ष 2015 में सौर परियोजनाओं की संस्थापना, कमीशनिंग, प्रचालन और अनुरक्षण के लिए प्रशिक्षित मानवशक्ति का सृजन करने हेतु 50,000 दक्ष मानवशक्ति को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सूर्यमित्र नामक एक कौशल विकास कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

(ii) मानव संसाधन विकास योजना के विभिन्न घटक निम्न हैं:

क. सभी स्तरों पर कौशल विकास पर बल देते हुए अक्षय ऊर्जा के विभिन्न पहलुओं पर अल्पकालिक प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए शैक्षिक और अन्य संगठनों को सहायता।

ख. सूर्यमित्र कौशल विकास कार्यक्रम।

ग. फैलोशिप:

- एमएससी/एमटेक/एमई/पीएचडी/पीडीएफ डिग्री पाठ्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा फैलोशिप (एनआरईएफ) योजना।
- सौर ऊर्जा में अभिनव विचार के साथ अनुसंधान संस्थानों में काम करने वाले प्रख्यात वैज्ञानिकों के लिए राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा विज्ञान फैलोशिप योजना।

घ. प्रयोगशाला उन्नयन के लिए उच्चतर शिक्षा संस्थानों को सहायता।

ड़. विशेषज्ञों/विशेषज्ञ संस्थानों के माध्यम से पाठ्यक्रम/अध्ययन सामग्री का विकास।

च. इंटर्नशिप।

11.3.1 राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा फैलोशिप योजना

(i) राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा फैलोशिप योजना के अंतर्गत मंत्रालय द्वारा फैलोशिप/वृत्तिका प्रदान करके 12 चयनित शैक्षिक संस्थानों में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में उच्चतर अध्ययन जैसे– एमएससी, एमटेक, पीएचडी पाठ्यक्रमों का अनुशीलन करने के लिए छात्रों/विद्वानों को सहायता प्रदान करना जारी रखा गया। वर्ष 2019–20 के प्रारंभ में एनआरईएफ कार्यक्रम के अंतर्गत 34 पीएचडी, 29 एम–टेक/एमई और 20 एमएससी फैलोशिप प्रदान किए जा रहे थे जिनमें से वर्ष 2019–20 में 5 अध्येताओं ने पीएचडी पूरा किया, 7 छात्रों ने एम–टेक/एमई की उपाधि प्राप्त की और 10 छात्रों ने एमएससी (अक्षय ऊर्जा) की डिग्री प्राप्त की। वर्ष 2019–20 के दौरान, और 10 छात्रों ने एमएससी (अक्षय उर्जा) की डिग्री प्राप्त की। वर्ष 2019–20 के दौरान, एम–टेक के लिए 28, जेआरएफ/एसआरएफ के लिए 41 और एमएससी के लिए 20 अध्येता एनआरईएफ कार्यक्रम के तहत पढ़ाई कर रहे हैं। एनआरईएफ अध्येताओं/छात्रों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पत्रिकाओं में 10 शोध आलेख प्रकाशित किए जिसके अतिरिक्त संगोष्ठियों में 5 लेख प्रस्तुत किए गए जिसे मिलाकार एनआरईएफ अध्येताओं के वैज्ञानिक आउटपुट में 568 शोध आलेख तथा संगोष्ठियों में 171 आलेख और तीन पेटेंट दर्ज किए गए। सहायता प्रदत्त संस्थानों की सूची **तालिका–11.1** में दी गई है।

तालिका–11.1 : एमएनआरई द्वारा एनआरईएफ योजना के अंतर्गत 2019–20 में जिन संस्थानों को अध्येतावृत्तियाँ प्रदान की गईं

क्र.सं.	जिन संस्थानों को एमएससी, एम–टेक, जेआरएफ/एसआरएफ (पीएचडी) के लिए फैलोशिप प्रदान किए गए
1	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर
2	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की
3	अन्ना विश्वविद्यालय, तमिलनाडु
4	पुणे विश्वविद्यालय, पुणे, महाराष्ट्र
5	पांडिचेरी विश्वविद्यालय, पांडिचेरी
6	श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय, कटरा, जम्मू और कश्मीर
7	जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता
8	कोचीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कोचीन
9	भारतीय अभियांत्रिकी विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, शिवपुर, पश्चिमबंगाल
10	लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ
11	राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला (एनपीएल), सीएसआईआर, नई दिल्ली
12	झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय, रांची

11.3.2 पुस्तकालय और प्रयोगशालाओं का उन्नयन

वर्ष 2019–20 में प्रयोगशाला उन्नयन के लिए गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान, तमिलनाडू को सहायता प्रदान की गई। मंत्रालय द्वारा पिछले वर्ष में पंडित दीनदयाल पेट्रोलियम विश्वविद्यालय गांधीनगर और तेजपुर विश्वविद्यालय, असम में सहायता प्रदत्त प्रयोगशाला और पुस्तकालय सुविधाओं के उन्नयन संबंधी कार्यकलाप जारी हैं।

जैव ऊर्जा प्रयोगशाला – गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान – डीम्ड विश्वविद्यालय के एम–टेक, अक्षय ऊर्जा विद्यार्थी

सौर पीवी प्रयोगशाला – गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान – डीम्ड विश्वविद्यालय के बी. वोकेशनल अक्षय ऊर्जा विद्यार्थी

सौर तापीय प्रयोगशाला – गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान, डीम्ड विश्वविद्यालय के एम–टेक, अक्षय ऊर्जा विद्यार्थी



पवन ऊर्जा प्रयोगशाला – गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान – डीम्ड विश्वविद्यालय की अक्षय ऊर्जा सिमुलेशन प्रयोगशाला

11.3.3 प्रशिक्षण

11.3.4 सूर्यमित्र प्रशिक्षण

मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020 तक 50,000 सूर्यमित्रों को प्रशिक्षण प्रदान करने और वर्ष 2019–20 में 20900 सूर्यमित्र उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित करने हेतु वर्ष 2015 में सूर्यमित्र कौशल विकास कार्यक्रम आरंभ किया गया। वर्तमान वर्ष के लिए मार्च, 2018 में राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान द्वारा जारी रुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से पैनलबद्ध किए गए देश के विभिन्न राज्यों के 223 प्रशिक्षण केन्द्रों/संगठनों के माध्यम से सूर्यमित्र प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। वर्तमान वर्ष 2019–20 के दौरान देश भर के 223 प्रशिक्षण केन्द्रों में 690 बैचों में 20700 सूर्यमित्रों को प्रशिक्षण आवंटित किया गया, जबकि वर्ष 2019–20 के लिए 20900 का लक्ष्य रखा गया था। दिनांक 31 दिसम्बर, 2019 तक कुल 40441 सूर्यमित्रों को प्रशिक्षण दिया गया। सूर्यमित्र कार्यक्रम की राज्य–वार प्रगति **तालिका–11.2** में दर्शायी गई है।

11.3.5 राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा इंटर्नशिप योजना (एनआरईआई)

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने अक्टुबर, 2019 में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में शोध करने वाले युवाओं और छात्रों के लिए "राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा इंटर्नशिप योजना" (एनआरईआई) का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत्, एमएनआरई भारत या विदेश में मान्यता प्राप्त संस्थानों/विश्वविद्यालयों में नामांकित 'या विदेश मे मान्यता प्राप्त संस्थानों/विश्वविद्यालयों में नामांकित स्नातक/स्नातकोत्तर/स्नातकोत्तर डिग्री या अनुसंधान अध्येताओं के अधीन आने वाले छात्रों को 'इंटर्न'

देश के विभिन्न स्थलों पर सूर्यमित्र कार्यक्रमों की झलकियाँ

तालिका–11.2 : विभिन्न राज्यों में सूर्यमित्र प्रशिक्षण की प्रगति–2015–19 एवं 2019–20 (31 दिसम्बर, 2019 तक)						
क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	मार्च, 2020 तक प्रशिक्षित किए जाने हेतु सूर्यमित्रों का लक्ष्य	वर्ष 2015–2019 में प्रशिक्षित सूर्यमित्रों की संख्या	वर्ष 2019–2020 में आवंटित सूर्यमित्रों के प्रशिक्षण की संख्या		कुल सूर्यमित्रों की संख्या
				प्रशिक्षित	वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे	
1	अंडमान एवं निकोबार	100	0	0	0	0
2	आंध्र प्रदेश	2000	1308	268	146	1722
3	अरुणाचल प्रदेश	200	30	0	0	30
4	असम	2500	833	357	30	1220
5	बिहार	2500	1139	298	155	1592
6	चंडीगढ़	100	148	60	0	208
7	छत्तीसगढ़	2000	1227	409	117	1753
8	दादरा और नगर हवेली	10	0	0	0	0
9	दमन एवं दीव	10	0	0	0	0
10	दिल्ली	500	432	180	0	612
11	गोवा	400	174	60	30	264
12	गुजरात	2000	2136	530	150	2816
13	हरियाणा	1000	937	330	90	1357
14	हिमाचल प्रदेश	500	324	90	0	414
15	जम्मू और कश्मीर	700	244	60	30	334
16	झारखंड	2000	517	179	0	696
17	कर्नाटक	2500	1371	256	0	1627
18	केरल	2000	495	120	60	675
19	लक्षद्वीप	100	30	0	0	30
20	मध्य प्रदेश	4000	2522	882	208	3612
21	महाराष्ट्र	4000	2933	686	313	3932
22	मणिपुर	500	150	0	0	150
23	मेघालय	250	0	0	0	0
24	मिजोरम	200	0	0	0	0
25	नागालैंड	200	60	0	0	60
26	ओडिशा	2500	1766	240	30	2036
27	पुडुचेरी	50	62	0	0	62
28	पंजाब	2000	323	30	0	353
29	राजस्थान	2500	2006	706	120	2832
30	सिक्किम	200	0	0	0	0
31	तमिलनाडु	2500	2142	687	242	3071
32	तेलंगाना	2000	1914	698	258	2870
33	त्रिपुरा	250	148	30	0	178
34	उत्तर प्रदेश	5000	2608	862	222	3692
35	उत्तराखंड	500	680	176	30	886
36	पश्चिम बंगाल	2500	2433	1155	66	3654
कुल		**50270**	**31092**	**9349**	**2297**	**42738**
दिनांक 31 दिसम्बर, 2019 तक कुल प्रशिक्षण		–	**40441**	–	–	

के रूप में इंटर्नशिप का अवसर प्रदान करेगा। राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय, गैर–सरकारी संस्थानों/संगठनों में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत या विदेश से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इंजीनियरिंग मैनेजमेंट/लॉ/साइंस स्ट्रीम (फिजिक्स/केमिस्ट्री/अक्षय ऊर्जा/ऊर्जा/बायोटेक्नोलॉजी/बायोलोजिकल साइंस/पर्यावरण विज्ञान इत्यादि) में ग्रेजुएट या पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री कोर्स करने वाले छात्र इस योजना के तहत पात्र होंगे। इंटर्नशिप अवैतनिक आधार पर होगी। इंटर्न को कोई भी वेतन देय नही होगा। यह एमएनआरई की आवश्यकता के अनुसार पूरे वर्ष भर उपलब्ध रहेगा और आवेदन ऑनलाइन माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं। मंत्रालय द्वारा प्रत्येक वर्ष के लिए अधिकतम 40 इंटर्न को इंटर्नशिप प्रदान की जाएगी जिसमें अधिकतम 20 इंटर्न एक समय पर होंगे। विस्तृत दिशानिर्देश एवं आवेदन लिंक मंत्रालय की वेबसाइट www.mnre.gov.in से प्राप्त किए जा सकते है। एमएनआरई द्वारा पात्र उम्मीदवारों के लिए आवेदन मांगनें के साथ 29 नवम्बर, 2019 से योजना के तहत् इंटर्नशिप के लिए पंजीकरण औपचारिक रूप से आमंत्रित किए गए थे। इस योजना का उत्साहवर्धक परिणाम प्राप्त हुआ है जिसके अन्तर्गत दिनांक 31 दिसम्बर, 2019 तक एमएनआरई के लिए 156, नीवे के लिए 53, नाइस के लिए 38, सेकी के लिए 13, नीबे के लिए 9 और इरेडा के लिए 17 आवेदन प्राप्त हुए। इंटर्नशिप के एप्लीकेशनों को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

11.4 प्रशासन–ई–गवर्नेंस, सतर्कता, पुस्तकालय, सूचना का अधिकार

11.4.1 ई–गवर्नेंस (एनआईसी)

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र भारत सरकार के आईटी का आधार है। एनआईसी ने सामाजिक और सार्वजनिक प्रशासन में आईटीसी अनुप्रयोगों को लागू करके "इंफॉर्मेटिक्स–एलईडी–डेवलपमेंट" का आरंभ किया और सरकार (जी2जी), व्यवसाय (जी2बी), नागरिक (जी2सी) और सरकारी कर्मचारी (जी2ई) तक इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से डिलीवरी की सुविधा प्रदान की है। एनआईसी, अपने आईसीटी नेटवर्क, "एनआईसी नेट" के माध्यम से, केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों के सभी मंत्रालयों/विभागों के साथ संस्थागत संबंध रखता है।

11.4.2 सौर रूफटॉप संस्थापन (https://solarrooftop.gov.in स्पिन)

सौर रूफटॉप पीएमओ की निगरानी वाली योजनाओं में से एक है। एनआईसी ने स्पिन (https://solarrooftop.gov.in) नामक एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया है। स्पिन का मूल उद्देश्य सारे देश में सौर रूफटॉप की स्थापना की निगरानी करना है। इस एप्लीकेशन के हितधारकों में राज्य नोडल एजेंसियों/सेकी, डेवलपर्स, जनरल पब्लिक और एमएनआरई के अधिकारी शामिल है। इस एप्लीकेशन के माध्यम से प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाते है, अनुमोदन और परियोजना को पूरी रिपोर्ट भेजी जाती है और सब्सिडी को जारी करना भी पूरी तरह से ऑनलाइन होता है।

11.4.3 स्पिन की कुछ विशेषताएं

नई तकनीक के साथ स्पिन का नया संस्करण लांच किया जाना है।

1. 10 नए राज्यों के पोर्टल को स्पिन के साथ जोड़ा गया है, अन्य 12 राज्यों को जोड़ा जा रहा है। जो राज्य स्पिन के साथ अपना डेटा शेयर करेगा और दोहरी प्रविष्टी से बचने में मदद करेगा, तब स्पिन पोर्टल में प्रवेश के समय स्वतः ही स्पिन पोर्टल में दिखाई देगा।
2. दर्पण और डीबीटी पोर्टल के साथ एकीकरण।
3. स्पिन के माध्यम से रूफटॉप संस्थापना की पेपरलेस निगरानी।
4. एसएनए, पिएसयू के प्रस्तावों, मंजूरियों, लक्ष्यों का प्रबंधन।
5. एनआईसी के ई–मेल और एसएमएस के माध्यम से हितधारकों के साथ संपर्क।
6. इस वर्ष हमने कई और एमआईएस रिपोर्ट तैयार की है।

11.4.4 मंत्रालय की वेबसाइट (http://mnre.gov.in)

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) की वेबसाइट को नवीनतम आईसीटी उपकरणों का उपयोग करके आंतरिक रूप से डिजाइन किया गया है। इस साइट का अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है। यह भारत सरकार की अत्यधिक देखी जाने वाली वेबसाइट है।

11.4.5 ई–ऑफिस

यह एक वेब आधारित प्रणाली है जो मंत्रालय में फाइलों और आवतियों के संचालन की कारगर रूप से ऑनलाइन मॉनीटरिंग के लिए कार्यान्वित और अनुरक्षित की गई है। ई–ऑफिस का उद्देश्य अधिक कारगर तथा पारदर्शी इंटर एवं इंट्रा–सरकारी प्रक्रियाओं को उपयोग में लाना है। ई–ऑफिस का विजन सभी सरकारी कार्यालयों में एक सरल, जवाबदेह, कारगर और पारदर्शी कार्यप्रणाली हासिल करना है। एनआईसी का ई–ऑफिस एक ओपर आर्किटेक्चर फ्रेमवर्क पर आधारित है जो सरकार की गतिशील आवश्यकताओं को उन्नत करने और उन्हें पूरा करने के लिए अनुकूल है। ई–ऑफिस सभी सरकारी कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यान्वित किया जा रहा है। मंत्रालय में ई–ऑफिस जून, 2016 के दौरान आरंभ किया गया और दिसम्बर, 2019 के अंत तक लगभग 14,050 फाइलों और 1,28,015 आवतियाँ दर्ज की गई। एमएनआरई में ई–ऑफिस का कार्यान्वयन 100 प्रतिशत रहा है।

11.4.6 ईएचआरएमएस

"मानव संपदा" अनुप्रयोग निगरानी, नियोजन, भर्ती, पोस्टिंग, पदोन्नति, स्थानांतरण, सेवा विवरणों का रखरखाव इत्यादि जैसी कार्मिक प्रबंधन गतिविधियों के लिए एक सामान्य एप्लिकेशन टूल है। यह एनआईसी द्वारा विकसित, रखरखाव और होस्ट किया गया है और http://ehrms.gov.in पर उपलब्ध है। यह जी से ई एप्लिकेशन है। इस वर्ष अवकाश मॉड्यूल लागू किया गया है और सेवा पुस्तिका (सर्विस बुक) भाग के लिए अभी प्रक्रिया चल रही है।

11.4.7 सौर तापीय/प्रकाशवोल्टीय प्रणालियों के लिए सीमा–शुल्क में छूट

(i) मंत्रालय विभिन्न विकासकर्त्ताओं के लिए विभिन्न शर्तों के आधार पर सीमा–शुल्क में छूट और उत्पाद शुल्क में छूट जारी कर रहा है। मंत्रालय को समूचे देश में स्थित और प्रकाशवोल्टीय/सौर तापीय परियोजनाओं के लिए रियायती सीमा–शुल्क और उत्पाद शुल्क प्रमाणपत्र जारी करने में सहायता करने के लिए सीसीएमएस नामक एक ऑनलाइन प्रणाली का डिजाइन, विकास और कार्यान्वयन किया गया है।

(ii) इस वर्ष एक नया डोमेन अर्थात् scms.gov.in क्लाउड पर पंजीकृत और होस्ट किया गया है। 2017 में इसकी शुरुआत के बाद से अब तक लगभग 31790 प्रमाणपत्रों को मंजूरी दी गई।

11.4.8 अक्षय ऊर्जा (आरई) पोर्टल (http://akshayurja.gov.in)

अक्षय ऊर्जा पोर्टल को ग्रिड संबद्ध और ऑफ ग्रिड सहित प्रत्येक ऊर्जा के लिए उपलब्ध समग्र क्षमता, कुल क्षमता वृद्धि और मासिक उत्पादन के प्रदर्शन के लिए विकसित किया गया है। इन आंकड़ों को राज्य–वार प्रदर्शित किया जाता है। यह पोर्टल मंत्रालय की भौतिक उपलब्धियों की समग्र तस्वीर पेश करता है। सीईए से उत्पादन डेटा और पी एंड सी प्रभाग से क्षमता संवर्धन डेटा एकत्र करके इस पोर्टल का हर महीने अद्यतन किया जाता है।

11.4.9 गतिविधि निगरानी डैशबोर्ड (http://pams-mnre.gov.in)

गतिविधि निगरानी डैशबोर्ड मंत्रालय और स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की वर्तमान गतिविधियों की गहन निगरानी के लिए विकसित किया गया है। इस पोर्टल में, जिम्मेदार अधिकारी सहित प्रमुख गतिविधियों और उनकी उप गतिविधियों तथा उन्हें चालू करने की संभावित तिथि को दर्ज किया जाता है और फिर गतिविधियों की प्रगति के अनुसार संबंधित अधिकारियों द्वारा लॉगिन आईडी का उपयोग करके टिप्पणियों को दर्ज किया जाता है।

11.4.10 भारतीय अक्षय ऊर्जा विचार विनिमय (http://irix.gov.in)

आईआरआईएक्स अक्षय ऊर्जा पर विचारों का आदान–प्रदान करने और उत्प्रेरित करने के लिए एक बहु–हितधारक सहयोगी मंच है। इस मंच का लक्ष्य अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार को प्रतिपादित करने के लिए उद्योग के विशेषज्ञों, अक्षय ऊर्जा समुदाय, उद्यमियों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाना है। यह ऊर्जा के प्रति जागरूक भारतीयों और वैश्विक प्रवासियों के बीच विचारों के आदान–प्रदान को बढ़ावा देने के लिए एक माध्यम प्रदान करेगा जिसके आगे चलकर व्यावहारिक ज्ञान का विस्तार होगा और भारत में अक्षय ऊर्जा के विकास को सुविधाजनक बनाया जा सकेगा।

11.4.11 इंटर्नशिप कार्यक्रम

एमएनआरई में मानव संसाधन प्रभाग के लिए एक नया पोर्टल विकसित करने की प्रक्रिया चल रही है। इस वर्ष मंत्रालय ने मुख्य रूप से छात्रों के लिए इंटर्नशिप नामक एक नई योजना शुरू की है। एचआरडी पोर्टल के एक भाग के रूप में इंटर्नशिप फॉर्म जमा करना शुरू किया गया है। जल्द ही पूरा पोर्टल चालू हो जाएगा।

11.4.12 रियायती सीमा–शुल्क छूट प्रमाणपत्र (सीसीडीसी)

पवन ऊर्जा टरबाइन और इसके घटकों के स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय वित्त मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार मान्यता प्राप्त निर्माताओं को सीसीडीसी प्रमाणपत्र जारी करता है। पवन टरबाइन और घटकों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय की आरएलएमएम सूची में पैनलबद्ध टाइप सर्टिफाइड पवन ऊर्जा टरबाइन के लिए ही सीसीडीसी जारी करने पर विचार किया जाता है। इसके अलावा, आयातित पुर्जों/घटकों के डिजाइन/आपूर्ति के लिए केवल मान्य टाइप प्रमाण पत्र के अनुसार अनुपालन की जाती है। http://ccdcwind.gov.in नामक अनुप्रयोग विकसित और होस्ट किया गया है और सभी हितधारकों द्वारा व्यापक रूप से उपयोग किया जा रहा है।

11.4.13 सतर्कता

(i) नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के सतर्कता प्रभाग को भारत सरकार और केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा जारी विभिन्न नियमों, दिशानिर्देशों और अनुदेशों के अनुसार भ्रष्टाचार निरोधक उपाय करने का दायित्व सौंपा गया है। मंत्रालय का सतर्कता एकक मंत्रालय और इसके तीन स्वायत्त निकायों, नामतः राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (नाइस), राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान (नीवे) और राष्ट्रीय जैव ऊर्जा संस्थान (नीबे) के सतर्कता कार्यों की देखरेख करता है। इस प्रभाग को मंत्रालय के अधिकारियों की वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) और अचल संपत्ति विवरणी (आईपीआर) के रखरखाव का दायित्व सौंपा गया है।

(ii) वर्ष 2019 के दौरान सतर्कता प्रभाग में प्राप्त शिकायतों की नियमों आदि दिशानिर्देशों के अनुसार जांच की गई और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की गई।

(iii) मंत्रालय में दिनांक 28 अक्तूबर, 2019 से 02 नवम्बर, 2019 तक सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया गया। सतर्कता जागरुकता सप्ताह के भाग के रूप में निम्नलिखित कार्यकलाप संचालित किए गएः–

क. विशेष सचिव, एमएनआरई द्वारा सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाना।

ख. मंत्रालय के अधिकारियों के लिए निवारक सतर्कता पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया था।

ग. मंत्रालय के अधिकारियों के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई।

घ. मंत्रालय के परिसर में भ्रष्टाचार निवारण और निवारक सतर्कता पर बैनरों में नारे चिपकाए गए।

ङ. सतर्कता मामलों पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

(iv) निवारक सतर्कता के भाग के रूप में मंत्रालय के संवेदनशील और गैर–संवदेनशील पदों की एक सूची तैयार की गई है और मंत्रालय के प्रशासन प्रभाग को तैनातियों में रोटेशन नीति अपनाने हेतु प्रेरित किया गया है।

(v) इस मंत्रालय और इसके स्वायत्त संगठनों के संबंध में सत्यनिष्ठा संबंधी मामले अपलोड किए गए और बोर्ड स्तर के अधिकारियों के संबंध में सतर्कता संबंधी जानकारी को ई–पोर्टल सॉल्व (एसओएलवीई) पर मासिक रूप से अद्यतित किया जाता है। इस मंत्रालय के अधिकारियों की भी नियमानुसार 56(जे) के तहत लगातार समीक्षा भी की जाती है।

11.4.14 पुस्तकालय

(i) नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का पुस्तकालय अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में संदर्भ केन्द्र और ज्ञान भंडार के रूप में कार्य करता है। वर्तमान में पुस्तकालय में लगभग 15,378 पुस्तकें (उपहार में प्राप्त पुस्तकों सहित) उपलब्ध हैं जिनमें अक्षय ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक विज्ञान, धारणीय विकास, इतिहास, समाजशास्त्र, भारतीय साहित्य, कंप्यूटर विज्ञान आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों की पुस्तकें शामिल हैं। पुस्तकालय के संग्रह में आम रुचि की पुस्तकें जैसे– खाद्य पदार्थ, रसोई, मूर्ति कला, पेंटिंग, पर्वतारोहण आदि भी शामिल हैं।

(ii) मंत्रालय में गठित पुस्तकालय समिति पुस्तकों की संवीक्षा करती है और पुस्तकालय द्वारा खरीद हेतु इनकी संस्तुति करती है। वर्तमान में इस समिति ने लगभग 60 हिन्दी पुस्तकें, 90 प्रशासनिक पुस्तकें, 20 सामान्य और तकनीकी पुस्तकें पुस्ताकलय में खरीदने हेतु अपनी स्वीकृति दे दी है, जो 31 मार्च, 2020 से पहले खरीदी जाएगी।

(iii) वर्तमान में पुस्तकालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं में 40 पाक्षिक पत्रिकाएं खरीदी जा रही हैं। इसके अतिरिक्त पुस्तकालय द्वारा आवश्यकतानुसार हिन्दी और अंग्रेजी में कुल 24 समाचार पत्र भी खरीद जा रहे हैं। पुस्तकालय अपने उपयोगकर्त्ताओं के बीच समाचार पत्रों की कतरनों के माध्यम से नवीनतम जानकारी भी उपलब्ध करा रहा है।

11.4.15 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

(i) मंत्रालय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), केन्द्रीय सूचना आयोग और गृह मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 का कार्यान्वयन कर रहा है। आरटीआई अधिनियम, 2005 के अंतर्गत जानकारी प्राप्त करने संबंधी प्रक्रिया/अन्य विवरण एमएनआरई वेबसाइट www.mnre.gov.in पर उपलब्ध है।

(ii) मंत्रालय ने आवंटित किए गए विषय के अनुसार आरटीआई आवेदनों और प्रथम अपील का उत्तर देने के लिए केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) और प्रथम अपील अधिकारी (एफएएए) नियुक्त किए हैं। सीपीआईओ और प्रथम अपील अधिकारियों की सूची **तालिका–11.3** में दी गई है। मंत्रालय का आरटीआई एकक जो सुश्री अलका जोशी, उप सचिव के अधीन कार्य करता है, द्वारा सभी वास्तविक और ऑनलाइन आवेदनों का समन्वय किया जाता है और केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारियों और प्रथम अपील अधिकारियों से जहां तक संभव हो, निर्धारित समयावधि के भीतर उनका उत्तर देने का अनुरोध करता है।

(iii) अवधि के दौरान (01.01.2019 – 31.12.2019) प्राप्त किए गए, निपटाए गए तथा लंबित आरटीआई आवेदनों/प्रथम अपीलों से संबंधित प्रगति रिपोर्ट **तालिका–11.4** में दी गई है।

तालिका–11.3 : कार्य के पुनरावंटन के आधार पर नामित केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारियों (सीपीआईओ) और अपील अधिकारियों की सूची (11.10.2019 की स्थिति के अनुसार)

क्र.सं.	विषय	सीपीआईओ	अपील अधिकारी
1	स्वच्छ विकास तंत्र (सीडीएम) सहित जलवायु परिवर्तन संबंधी पहलें, अक्षय ऊर्जा खरीद बाध्यता (आरपीओ) संबंधी मामले, आरईसी नीति, आईएनएसपीए, एनसीईएफ, हाइड्रोजन, ईंधन सेल, और आईआरईपी, विद्युत वाहन और नेशनल बोर्ड ऑफ इलेक्ट्रिक मोबाइलिटी, नवीन प्रौद्योगिकी, सूचना और जनजागरुकता के विशिष्ट संदर्भ और अक्षय ऊर्जा नीति एवं विनियम।	श्री दीपेश फेरवानी, वैज्ञानिक 'बी'	डॉ. पी.सी. मैथानी, वैज्ञानिक 'जी'
2	योजना और समन्वय	श्री अनुभव उप्पल, वैज्ञानिक 'बी'	डॉ. पंकज सक्सेना वैज्ञानिक 'एफ'
3	हरित ऊर्जा कॉरिडोर, भूतापीय, सागरीय/ज्वारीय ऊर्जा	श्री रोहित ठकवानी वैज्ञानिक 'बी'	श्री गिरीश कुमार वैज्ञानिक 'ई'
4	सूचना प्रौद्योगिकी, पुनः पोर्टल का विकास	श्री विक्रम ढाका, वैज्ञानिक 'बी'	श्री भानु प्रताप यादव, संयुक्त सचिव
5	सौर तापीय ग्रुप–सौर संकेन्द्रक और सौर कुकर	श्री अरविन्द एमए, वैज्ञानिक–बी	श्री जे.के. जेठानी, वैज्ञानिक 'ई'
6	एनटीपीसी–बंडलिंग योजना, एनटीपीसी–ईपीसी योजना, सौर शहर कार्यक्रम, ग्रीन बिल्डिंग	श्री अरविंद एमए, वैज्ञानिक 'बी'	श्री ए. नरवाने, वैज्ञानिक 'ई'
7	बायोमास विद्युत योजनाएं और नीतियां, जैव ऊर्जा मिशन, बायोमास गैसीफायर, कुक स्टोव	सुश्री प्रिया, वैज्ञानिक 'बी'	श्री के. सलिल कुमार, उप सचिव
8	अपशिष्ट से ऊर्जा	श्री विजय कुमार भारती, वैज्ञानिक 'बी'	श्री के. सलिल कुमार, उप सचिव
9	बायोगैस विद्युत, राष्ट्रीय बायोगैस कार्यक्रम, बायोगैस प्रशिक्षण केंद्र और बायोगैस आर एंड डी	श्री एसआर मीणा, वैज्ञानिक 'सी'	श्री जी.एल. मीणा, वैज्ञानिक 'जी'
10	लैब नीति, मानक और गुणवत्ता नियंत्रण।	सुश्री रोहिणी सुब्रमण्यम, अनुभाग अधिकारी	श्री बी.एस. नेगी, वैज्ञानिक 'जी'
11	इरेडा, सेकी के सभी प्रशासनिक मामले	श्री अरविंद सहदेव घोलप, अनुभाग अधिकारी	डॉ. पंकज सक्सेना, वैज्ञानिक ''एफ''
12	ऑफ–ग्रिड सौर, कृषि पंप योजना, स्ट्रीट लाइट, होम लाइट, एसएडीपी, अक्षय उर्जा शॉप, कुसुम	श्री शोभित श्रीवास्तव वैज्ञानिक 'सी'	श्री जीवन कुमार जेठानी, वैज्ञानिक 'ई'
13	वीजीएफ योजना, जीबीआई, प्रदर्शन योजना	श्री नीरज कुमार, वैज्ञानिक 'सी'	श्री दिलीप निगम, वैज्ञानिक 'जी'
14	ऊर्जा भंडारण, ई–मोबिलिटी और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और अक्षय ऊर्जा नीति और विनियम का विशिष्ट संदर्भ	श्री तरुण सिंह वैज्ञानिक 'सी'	डॉ. पी.सी. मैथानी, वैज्ञानिक ''जी ''

15	सोलर रूफटॉप, रूफटॉप योजना के तहत बाहरी सहायता, आरटी योजना के तहत टीए	श्री हिरेन बोराह, वैज्ञानिक 'सी'	श्री औजेंदर सिंह, उप सचिव
16	लघु पवन, पवन ऊर्जा (ऑफ–शोर), पवन आर एंड डी	श्री पी.के. दाश वैज्ञानिक 'सी'	श्री बी.के. पांडा, वैज्ञानिक 'ई'
17	पवन ऊर्जा (ऑन–शोर)	श्री राहुल रावत, वैज्ञानिक 'बी'	श्री जी. उपाध्याय, वैज्ञानिक 'एफ'
18	सौर (आर एंड डी), (एसटी एंड एसपीवी), सौर जल तापक, सौर तापीय ग्रुप – फ्लैट प्लेट/निष्क्रमित ट्यूब संग्राहक/गैर केन्द्रक संग्राहक प्रणालियाँ – एयर हीटर, ड्रायर, प्रत्यक्ष कुकिंग प्रणाली और क्षेत्रीय परीक्षण केन्द्र से संबंधित अनुप्रयोग संबंधी सभी मामले, आर एंड डी समन्वय और निगरानी	श्री अनिल कुमार, वैज्ञानिक 'डी'	श्री राजेश कुमार, वैज्ञानिक 'एफ'
19	ग्रिड कनेक्टेड पीवी एंड एसटी–। (एचवीवीए से संबंधित और अन्य सभी), द्वीपों की ग्रीनिंग	श्री संजय कर्णधार, वैज्ञानिक 'सी'	श्री रुचिन गुप्ता, निदेशक
20	ईएफएम अनुभाग	श्री संजय प्रकाश, वैज्ञानिक 'सी'	श्री पी.सी. मैथानी, वैज्ञानिक 'जी'
21	आरई का संगठन – निवेश	डॉ. पी.सी. पंत, वैज्ञानिक 'एफ'	श्री भानु प्रताप यादव, संयुक्त सचिव
22	डीबीटी सेल	श्री अरुण कुमार, वैज्ञानिक 'सी'	श्री भानु प्रताप यादव, संयुक्त सचिव
23	बायोगैस से संबंधित जी.एस.टी.	श्री एस.आर. मीणा, वैज्ञानिक 'सी'	श्री रुचिन गुप्ता, निदेशक
24	पवन सीडीसी/ईडीई से संबंधित जीएसटी	श्री एस.के. खुराना, अवर सचिव	श्री रुचिन गुप्ता, निदेशक
25	सौर सीडीसी/ईडीई से संबंधित जीएसटी	श्री अरुण कुमार, वैज्ञानिक 'सी'	श्री रुचिन गुप्ता, निदेशक
26	ग्रिड सोलर से संबंधित जीएसटी	श्री संजय कर्णधार, वैज्ञानिक 'सी'	श्री रुचिन गुप्ता, निदेशक
27	ऑफ ग्रिड सोलर से संबंधित जीएसटी	श्री शोभित श्रीवास्तव, वैज्ञानिक 'सी'	श्री रुचिन गुप्ता, निदेशक
28	बायोमास से संबंधित जीएसटी	सुश्री प्रिया, वैज्ञानिक 'बी'	श्री रुचिन गुप्ता, निदेशक
29	वित्तीय अनुमोदन, विंड टर्बाइन का विनिर्माण, (सीसीडीसी) (रियायती कस्टम ड्यूटी प्रमाणपत्र)	श्री एस.के. खुराना	श्री .के. पांडा, वैज्ञानिक 'ई'
30	आई एंड पीए और सेमिनार तथा संगोष्ठी	श्री डी.के. पांडे, अवर सचिव	श्री एन.बी. राजू, वैज्ञानिक 'ई'

31	सतर्कता	सुश्री सुनीता धेवाल, अवर सचिव	डॉ. पंकज सक्सेना, वैज्ञानिक 'एफ'
32	राष्ट्रीय सौर मिशन, सौर पार्क, रक्षा योजनाएँ	श्री देवेन्द्र सिंह, अवर सचिव	श्री दिलीप निगम, वैज्ञानिक 'जी'
33	अंतर्राष्ट्रीय संबंध (आईआर)	श्री चलपति राव, वैज्ञानिक 'सी'	सुश्री वीना सिन्हा, निदेशक
34	राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा का कार्यालय	श्री डी.के. पांडे, अवर सचिव	श्री अमितेश कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव
35	संसद कार्य	श्री ए.के. सिंह, अवर सचिव	डॉ. पंकज सक्सेना, वैज्ञानिक 'एफ'
36	जनता की शिकायतें	श्री ए.के. सिंह, अवर सचिव	सुश्री अलका जोशी, उप सचिव
37	प्रशासन	श्री अरविंद पोखरियाल, अवर सचिव	श्री जी. उपाध्याय, वैज्ञानिक 'एफ'
38	एसएसएस–नीबे के सभी मामले	श्री योगिंदर सिंह, अवर सचिव	श्री के. सलिल कुमार, उप सचिव
39	आईएफडी	श्री के.जी. सुरेश कुमार, अवर सचिव	श्री संदीप मुखर्जी, उप सचिव
40	एचआरडी, हाइड्रो प्रोजेक्ट्स	श्री बीरबल सिंह नेगी, अवर सचिव	डॉ. पी.सी. पंत, वैज्ञानिक 'एफ'
41	सीसीडीसी सौर ऊर्जा	श्री एन. पी. शुक्ला, अवर सचिव	श्री राजेश कुमार, वैज्ञानिक 'एफ'
42	आरटीआई मामले, हिंदी, पुस्तकालय, बजट, व्यय की निगरानी, लेखा परीक्षा और सांख्यिकीय विश्लेषण	सुश्री सुनीता साजवान, अवर सचिव	सुश्री अलका जोशी, उप सचिव
43	पीएओ, बजट	श्री प्रताप सिंह, वरिष्ठ लेखा अधिकारी	श्री अवतार सिंहसंधू, लेखा नियंत्रक
44	नाइस के सभी प्रशासनिक और वित्तीय मामले	श्री देवेन्द्र सिंह, अवर सचिव	श्री के. सलिल कुमार, उप सचिव
45	नीवे के सभी प्रशासनिक और वित्तीय मामले	श्री राहुल रावत, वैज्ञानिक 'बी'	श्री के. सलिल कुमार, उप सचिव

तालिका–11.4 : आरटीआई आवेदनों / प्रथम अपीलों की प्रगति रिपोर्ट			
मद	प्राप्त	निष्पादित	दिनांक 31.12.2019 के अनुसार लंबित
आरटीआई आवेदन	1130	1058	72
प्रथम अपील	42	38	04

12

अन्तर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा सहयोग

अन्तर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा सहयोग

12.1 मंत्रालय का अंतर्राष्ट्रीय संबंध (आईआर) प्रभाग, नवीन और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग के लिए डीईए, एमईए विभिन्न देशों के दूतावासों, बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय संगठनों और विदेशों में भारत के मिशनों के साथ लगातार कार्य कर रहा है।

12.2 वर्तमान वर्ष के दौरान भी मंत्रालय ने समझौता ज्ञापन (एमओयू)/कार्यान्वयन करार (आईए)/अनुपूरक करार (एसए)/आशय पत्र (एलओआई) इत्यादि पर हस्ताक्षर करके नवीन और अक्षय ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की हैं। मंत्रालय ने वास्तविक दौरे करके और वीडियो कांफ्रेंस करके द्विपक्षीय/बहुपक्षीय संयुक्त कार्यसमूह (जेडब्ल्यूजी) बैठकें भी आयोजित की। इन बैठकों में भाग लेने, समझौता ज्ञापनों/करार आदि पर हस्ताक्षर करने के प्रयोजनार्थ माननीय मंत्री जी तथा वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर पर दौरे किए गए।

12.3 एमएनआरई ने नवीन और अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में विभिन्न देशों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू)/करारों/सहमति पत्रों (एलओआई) पर हस्ताक्षर किए हैं। इन एमओयू/करारों के तहत कार्यान्वयन हेतु संयुक्त कार्यकलापों की पहचान, चयन और निरूपण की निगरानी करने के लिए संयुक्त कार्यदलों (जेडब्ल्यूजी) का गठन किया गया। विभिन्न देशों के साथ भी अन्य मंत्रालयों जैसे–विदेश मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय एवं विद्युत मंत्रालय, नीति आयोग आदि के संयुक्त आयोग की बैठकों (जेसीएम), संयुक्त कार्यदल (जेडबल्यूजी) बैठकों, सयुंक्त व्यापार समिति (जेटीसी) बैठकों के माध्यम से भी संवाद किया जाता है। कई देशों के साथ द्विपक्षीय स्तर पर परस्पर सहमति से परियोजनाओं और सहयोग कार्यक्रमों की भी स्थापना की गई है यद्यपि उनके साथ कोई विशिष्ट समझौता ज्ञापन संपन्न नहीं किया गया है।

12.4 इसके अतिरिक्त एमएनआरई द्वारा विभिन्न बहुपक्षीय/त्रिपक्षीय सहयोग ढांचों, जैसे– दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ (सार्क), दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संघ (आसियान), ब्राजील–रूस–भारत–चीन–दक्षिण अफ्रीका (ब्रिक्स), भारत–ब्राजील–दक्षिण अफ्रीका (आईबीएसए),जी–20 आदि के अंतर्गत साझेदारी की जाती रही है।

12.5 मंत्रालय विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय/बहुराष्ट्रीय निधिकरण एजेंसियों, जैसे– विश्व बैंक, केएफडब्ल्यू, यूरोपियन संघ(ईयू), यूएसएआईडी, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी), एशियाई विकास बैंक (एडीबी), संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ), जीआईजेड इत्यादि के साथ भी कार्य कर रहा है जो भारत में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए परियोजना आधारित सहायता उपलब्ध करा रहे हैं।

12.6 मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (नाइस) को शामिल कर अफ्रीकी और अन्य विकासशील देशों में विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए भी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। भारत के शीर्षस्थ संस्थानों, नामतः राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (नाइस), गुरुग्राम, राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्थान, चेन्नई, वैकल्पिक जल विद्युत केन्द्र (एएचईसी), आईआईटी, रुड़की में भारत सरकार के आईटीईसी कार्यक्रम के अंतर्गत सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, लघु पन बिजली और बायोमास के क्षेत्रों में अफ्रीकी और अन्य विकासशील देशों में विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाते हैं।

12.7 वर्ष 2019 के दौरान निम्नलिखित समझौता ज्ञापनों/सहयोग करार/सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए:–

- भारत गणराज्य की सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय एवं किंगडम ऑफ डेनमार्क के ऊर्जा, यूटिलिटी और जलवायु मंत्रालय के बीच एक सहयोग समझौता पर हस्ताक्षर किए गए। भारत में एकीकृत अक्षय ऊर्जा की उत्कृष्टता के लिए इंडो– डेनिस केंद्र की स्थापना के लिए दिनांक 6 मार्च, 2019 को दिल्ली में सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।
- भारत गणराज्य की सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय एवं गिनि गणराज्य की सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के बीच दिनांक 2 अगस्त 2019 को कोनाक्री में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

- भारत गणराज्य की सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय एवं किंगडम ऑफ सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्रालय के बीच दिनांक 29 अक्टुबर 2019 को रियाद में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

12.8 वर्ष 2019 के दौरान माननीय मंत्री, सचिव और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में द्विपक्षीय/बहुपक्षीय सहयोग के भाग के रूप में एमएनआरई में विभिन्न बैठकें आयोजित की गई।

12.9 वर्ष 2019 के दौरान मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निम्नलिखित विदेशी दौरे किए गए हैं :

i. श्री आर. के. सिंह, माननीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री आनंद कुमार, सचिव, एमएनआरई और श्री मनोज कुमार सिंह, माननीय मंत्री के निजी सचिव ने 13–14 जनवरी 2019 को अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी (इरेना) एसेम्बली बैठक के नवें सत्र, आबू धाबी सस्टेनेबल वीक (एडीएसडबल्यू) और अन्य संगत बैठकों में भाग लेने के लिए आबू धाबी, यूएई का दौरा किया।

ii. श्री आनंद कुमार, सचिव और श्री अंजनी नंदन शरण, संयुक्त सचिव नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 25–28 फरवरी, 2019 तक यूएसए की ओर से प्रस्तावित बैठक और भारत–अमेरिका सामरिक ऊर्जा साझेदारी के तहत स्वच्छ और अक्षय ऊर्जा पर संयुक्त कार्य दल की पहली सामुहिक बैठक में भाग लेने के लिए वाशिंगटन डीसी, यूएसए का दौरा किया।

iii. श्री जे. के. जेठानी, वैज्ञानिक–ई नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 25–26 जनवरी 2019 तक एशियाई विकास बैंक द्वारा आयोजित हिन्दू कुश हिमालय में स्वच्छ ऊर्जा के लिए स्थायी पहुँच पर कार्यशाला में भाग लेने के लिए थिंपु, भूटान का दौरा किया।

iv. श्री पी. एन. बी. वी. चलपति राव, वैज्ञानिक–सी नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और श्री मनीष सिंह बिष्ट, वैज्ञानिक–'बी', नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 25.02.2019 से 01.03.2019 तक जीआईजेड द्वारा रिन्यूएबल एकेडमी (रीनेक) में आयोजित अक्षय स्रोतों के ग्रिड एकीकरण पर प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए बर्लिन, जर्मनी का दौरा किया।

v. श्री तरुण सिंह, वैज्ञानिक–सी नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 25–26 फरवरी 2019 तक "अक्षय ऊर्जा और भंडारण प्रणाली" पर विश्व बैंक द्वारा आयोजित सम्मेलन में भाग लेने के लिए केपटाउन, दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया।

vi. श्री बी.के. पांडा, वैज्ञानिक–ई, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 25–29 मार्च 2019 तक अपतटीय पवन पर एक अध्ययन दौरे में भाग लेने के लिए डेन्मार्क का दौरा किया।

vii. श्री तरुण सिंह, वैज्ञानिक–सी नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और श्री अनुभव उप्पल , वैज्ञानिक–बी नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 11–15 मार्च 2019 तक 17वीं अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के ऊर्जा सांख्यकी पाठ्यक्रम में भाग लेने के लिए फ्रांस का दौरा किया।

viii. श्री ए. एन. शरन, संयुक्त सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 2–4 अप्रैल 2019 तक अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों पर आईईए वर्किंग पार्टी (आरईडबल्यूपी) की 75 वीं बैठक और अक्षय उद्योग सलाहकार बोर्ड (आरआईएबी) की बैठक में भाग लेने के लिए पेरिस, फ्रांस का दौरा किया।

ix. श्री प्रवीण कुमार, अपर सचिव और श्रीमती वीना सिन्हा, निदेशक, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, ने 18–19 अप्रैल 2019 को जी –20 के लिए एनर्जी ट्रांजिशन वर्किंग ग्रुप (ईटीडबल्यूजी) की दूसरी बैठक और पर्यावरण के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक (ईएसओएम) में भाग लेने के लिए टोयामा, जापान का दौरा किया।

x. श्री ए.एन. शरण संयुक्त सचिव नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 27–29 मई, 2019 को 10वें स्वच्छ ऊर्जा मंत्रिस्तरीय (सीईएम –10) और चौथे मिशन इनोवेशन (एमआई –4) बैठकों में भाग लेने के लिए पेरिस, फ्रांस का दौरा किया।

xi. श्री जे. एन. स्वैन, प्रबंध निदेशक भारतीय सौर ऊर्जा निगम सेकी, श्री जे. के. जेठानी, वैज्ञानिक–'ई' और श्री अनिल कुमार, वैज्ञानिक 'सी' नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 15–18 मई 2019 तक इंडो जर्मन एनर्जी फॉरम तथा इंटर–सोलर यूरोप–2019 के अंतर्गत ओफिसियल सब ग्रुप–2 की बैठक में भाग लेने के लिए म्यूनिच,जर्मनी का दौरा किया।

xii. श्री दिलीप निगम, वैज्ञानिक–'जी' एवं श्री ए.एस. परीरा वैज्ञानिक– 'सी' नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 8–16 जून 2019 तक भारत के साथ स्वच्छ ऊर्जा सहयोग सीईसीआई सौर पार्को का भ्रमण के अंतर्गत ईयू द्वारा आयोजित स्टडी टूर प्रोग्राम के तहत बेल्जियम, इटली और यूके का दौरा किया।

xiii. श्री आनंद कुमार, सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 13–16 जून 2019 तक सतत वृद्धि के लिए ऊर्जा संक्रमण और वैश्विक पर्यावरण पर जी–20 की मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए जापान का दौरा किया।

xiv. श्री संजय जी. कर्णधार, वैज्ञानिक–सी नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 16 जून से 27 जून 2019 तक जापान सरकार के तकनीकी सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रिड मुख्यतः फोटोवोल्टेयिक में अक्षय ऊर्जा पर ज्ञान सह निर्माण कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जापान का दौरा किया।

xv. श्री राहुल रावत, वैज्ञानिक–'बी' नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 17–21 जून 2019 के दौरान एशिया क्लीन एनर्जी फॉरम (एसीईएफ) 2019 की बैठक में भाग लेने के लिए फिलीपिन्स का दौरा किया।

xvi. डॉ. पी. सी. मैथानी, वैज्ञानिक–'जी' नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 17–27 जून,2019 तक यूएनएफसीसीसी के बॉन जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में भाग लेने के लिए बॉन, जर्मनी का दौरा किया।

xvii. डॉ. राजेश कुमार, वैज्ञानिक–'एफ' नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 20–21 जून 2019 तक 12 वें भारत–ताइवान सचिव उप मंत्री स्तरीय परामर्श में भाग लेने के लिए ताइवान का दौरा किया।

xviii. श्री भानु प्रताप यादव, संयुक्त सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, और श्री जे. एन. स्वेन, प्रबंध निदेशक, सेकी ने 24–28 जून, 2019 तक प्रथम ऑफशोर विंड राउंड–टेबल इवैंट में भाग लेने के लिए लंदन, यूनाइटेड किंगडम का दौरा किया।

xix.. श्री आनंद कुमार, सचिव और श्री ए. एन. शरन, संयुक्त सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 24–26 जून 2019 तक अंतरराष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी (इरेना) परिषद की सतरहवीं बैठक और संबन्धित बैठकों में भाग लेने के लिए आबू धाबी, यूएई का दौरा किया।

xx. श्री के. सलिल कुमार, उप सचिव और श्री के. जी. सुरेश, अवर सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 14–21 जुलाई 2019 तक यूएनआईडीओ प्रोजेक्ट के तहत इंटरनेशनल ग्रुप एंड स्टडी टूर में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रीया,जर्मनी और स्वीडन का दौरा किया।

xxi.. श्री प्रवीण कुमार, अपर सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय तथा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इरेडा ने 2–3 सितंबर 2019 तक इरेडा के आगामी आईपीओ के संबंध में संस्थागत निवेश समूह से मुलाकात के लिए सिंगापुर का दौरा किया।

xxii. श्री अमितेश कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 10–11 सितंबर, 2019 तक अक्षय ऊर्जा कार्य समूह (आरईडबल्यूपी) पर आईईए द्वारा आयोजित 76 वीं बैठक में भाग लेने के लिए हेलसिंकी, फिनलैंड का दौरा किया।

xxiii. श्री जे. के. जेठानी, वैज्ञानिक–'ई' नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 10–11 सितम्बर, 2019 तक आईसीआईएमडीओएफ द्वारा आयोजित विद्युत सिंचाई प्रणाली के सतत प्रबंधन के लिए संस्थागत क्षमताओं के सुदृढ़ीकरण संबंधी संवाद में भाग लेने के लिए काठमांडू, नेपाल का दौरा किया।

xxiv. श्री तरुण सिंह, वैज्ञानिक–'सी' और श्री संजय जी. कर्णधार, वैज्ञानिक, 'सी', नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 24–29 सितम्बर, 2019 तक जीआईजेड द्वारा आयोजित "स्टडी टूर एनर्जी स्टोरेज सिस्टम और फ्लोटिंग सोलर' में भाग लेने के लिए जर्मनी और फ्रांस का दौरा किया।

xxv. श्री अनिल कुमार, वैज्ञानिक–'डी', नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 30 सितम्बर से 4 अक्टुबर 2019 तक सिंगापुर को ऑपरेशन प्रोग्राम ईनिंग अवार्ड (एससीपीटीए) के तहत ' क्लीन एनर्जी एंड इमिसन रिडक्सन' के कोर्स में भाग लेने के लिए सिंगापुर का दौरा किया।

xxvi. श्री अमितेश कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 06–12 अक्टुबर 2019 तक "अक्षय ऊर्जा और दक्षता सप्ताह (आरईईडबल्यू)–2019 में भाग लेने के लिए बर्लिन– जर्मनी का दौरा किया।

xxvii. श्री पी. एन. बी. वी. चलपति राव, वैज्ञानिक–सी और श्री रोहित ठकवानी, वैज्ञानिक–'बी', नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 14–18 अक्टुबर 2019 तक आईईए द्वारा आयोजित "18 वें ऊर्जा सांख्यिकी कोर्स" में भाग लेने के लिए पेरिस, फ्रांस का दौरा किया।

xxviii. श्री दीपेश फेरवानी, वैज्ञानिक–'बी', नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 22–25 अक्टुबर 2019 के दौरान अर्थव्यवस्था में हाइड्रोजन और ईंधन सेल के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारी (आईपीएचई) की 32वीं संचालन समिति की बैठक में भाग लेने के लिए सियोल, साउथ कोरिया का दौरा किया।

xxix. श्री विजय कुमार भारती, वैज्ञानिक–बी, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 28–31 अक्टुबर 2019 के दौरान ग्लोबल मीथेन इनिसिएटिव बायो गैस सब कमेटी मीटिंग और बायो साइकल रेफोर–2019 में भाग लेने के लिए विस्कोंसिन, यूएसए का दौरा किया।

xxx. श्री अमितेश कुमार सिन्हा, संयुक्त सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 11 नवम्बर, 2019 को ब्रिक्स मिनिस्टर्स ऑफ एनर्जी की चौथी बैठक में भाग लेने के लिए ब्रासीलिया, ब्राजील का दौरा किया।

xxxi. श्री प्रबीर कुमार दास, वैज्ञानिक–'सी', नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 18 नवम्बर से 2 दिसम्बर 2019 तक यंग लीडर्स के लिए जेआईसीए द्वारा आयोजित नॉलेज को क्रीएशन प्रोग्राम में भाग लेने के लिए जापान का दौरा किया।

xxxii. श्रीमती सुतपा मजुमदार, आर्थिक सलाहकार, श्री राहुल रावत, वैज्ञानिक 'बी', श्री विक्रम ढाका, वैज्ञानिक 'बी', नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 22 से 29 नवम्बर, 2019 तक ऑफशोर विंड एनर्जी पर ईयू–इंडिया क्लीन एनेर्जी और क्लाइमेट पार्टनर्शिप स्टडी टूर में भाग लेने के लिए नीदरलैंड और डेनमार्क का दौरा किया।

xxxiii. डॉ. पी. सी. मैथानी, सलाहकार, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 2–13 दिसम्बर, 2019 तक यूएनएफसीसीसी की पार्टी कॉन्फ्रेंस के 25 वें सत्र में भाग लेने के लिए मैड्रिड, स्पेन का दौरा किया।

श्री आनन्द कुमार, सचिव, एमएनआरई और भारत में अमेरिका के राजदूत श्री कैनेध यान जस्टर के साथ पेस. सेटर फंड प्रोग्राम के द्वितीय चरण के विजेता

xxxiv. श्री आनंद कुमार, सचिव, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 9–10 दिसम्बर 2019 के दौरान यूएनएफसीसीसी की कांफ्रेंस ऑफ पेरीस के 25 वें सत्र में भाग लेने के लिए मैड्रिड, स्पेन का दौरा किया।

12.10 पेस. सेटर फंड कार्यक्रम के द्वितीय चरण के विजेताओं को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय तथा अमेरिकी दूतावास द्वारा दिनांक 20 सितम्बर, 2019 को ओयोजित एक सम्मान समारोह में पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन की सह अध्यक्षता श्री आनन्द कुमार, सचिव, एमएनआरई और श्री कैनेध यान जस्टर, भारत में अमेरिका के राजदूत द्वारा की गई। द्वितीय चरण में अनुदान के लिए चार परियोजनाओं को चयनित किया गया। इन विजेताओं में सोसाइटी फॉर इकनॉमिक एण्ड सोसियल स्टडीज, नई दिल्ली, कस्टमाइज्ड एनर्जी सोल्यूसन्स इण्डिया प्रा. लिमिटेड, पूणे, द एनर्जी एण्ड रिसोर्सेज इस्टिट्यूट (टेरी), नई दिल्ली और राघवेन्द्र सनटेक सिस्टम्स प्रा. लिमिटेड (आरएसएसपीएल) बंगलौर शामिल है।

12.11 अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी (इरेना) के साथ कार्य:–

